वार्ड 26 में पौनी पसारी योजना के लिए महापौर ने किया भूमिपूजन

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई , क्षेत्र अंतर्गत पौनी पसारी योजना की शुरूआत हो चुकी है। वार्ड 26 में बनने वाले पौनी पसारी बाजार के लिए आज महापौर एवं विधायक भिलाईनगर देवेन्द्र यादव ने क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों की उपस्थिति में भूमिपूजन किया और पारंगत वस्तुओं के व्यवसाय से जुड़े हुए लोगों को बधाई दिए। निगम क्षेत्र में योजना की शुरूआत होने से असंगठित क्षेत्र के परंपरागत व्यवसाय करने वाले व्यक्तियों , कारीगरों एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं को कौशल उन्नयन हेतु बेहतर मंच मिलेगा। बाजार में टीन शेड के नीचे 15 चबूतरा बनाए जाएंगे, टायलेट एवं पेयजल सहित सभी सुविधा उपलब्ध होगी। मान. मुख्यमंत्री जी , छ.ग. शासन की प्रेरणा से राज्य प्रवर्तित पौनी पसारी योजना के तहत भिलाई निगम के जोन 02 क्षेत्रांतर्गत वार्ड 26 में पौनी पसारी योजना के लिए बाजार बनाने महौपार श्री यादव ने भूमिपूजन किए। साप्ताहिक बाजार एवं पौनी पसारी स्थानीय छत्तीसगढ़ी संस्कृति को बढ़ावा देने के उददेश्य से बनने वाले बाजार में असंगठित क्षेत्र के सिलाई-बुनाई , चटाई, बांस के उत्पाद , दोना पत्तल, मिट्टी के बर्तन , सजावटी सामान जैसे परंपरागत व्यवसाय करने वाले व्यक्तियों , कारीगरों एवं स्व-सहायता समूह की महिलाओं को कौशल उन्नयन हेतु एक बेहतर अवसर मिलेगा जिससे वे आर्थिक मजबूती होने के साथ ही छत्तीसगढ़ की पुरानी परंपराओं को बढ़ावा मिलेगा। जोन 02 के उप अभियंता निखत सबरीन ने बताया कि पौनी पसारी बाजार के लिए 28 लाख की लागत से निर्माण कार्य किए जाएंगे। टीन शेड के नीचे 15 चबूतरा बनाया जाएगा जिसे हितग्राही को प्रदान किए जाएंगे। शासन के निर्देशानुसार पौनी पसारी परिसर में रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम , आने जाने वालों वाहनों के लिए पार्किंग , पानी निकासी के लिए नाली बनाने साथ ही स्वच्छता को बनाए रखने डस्टबीन आदि की सुविधा उपलब्ध करया जाएगा। भूमिपूजन कार्यक्रम में जोन 02 की आयुक्त पूजा पिल्ले , कार्यपालन अभियंता बी.के. देवांगन , उप अभियंता पुरूषोत्तम सिन्हा, जोन स्वास्थ अधिकारी अनिल मिश्रा सहित निगम भिलाई के अधिकारी/कर्मचारी के अलावा वार्ड के वरिष्ठ नागरिक उपस्थित थे।